प्रभात
छिपाएंगे नहीं, छापेंगे
facebook-Subharti Tv Twitter-Subharti Tv
प्रभात बस 2 रुपये में पढ़िए और पढ़ाइए
www.subhartimedia.com लखनऊ, रविवार, 03 नवंबर 2019, मूल्य : 2.00, पृष्ठ : 12 उत्तर प्रदेश-उत्तराखंड से प्रकाशित रोहित शर्मा फिट-इंडिया होगी हिट पेज -11



# राजधानी में प्रदूषण की स्थिति अभी जारी रहने की संभावना



लखनऊ। प्रभात

उत्तर-प्रदेश की राजधानी लखनऊ में दिन में धुंध की चादर से पूरा शहर ढका रहा और भवन निर्माण को शासन ने रोकने के आदेश दे दिये है फिर भी हवा की गुणवत्ता शुक्रवार को 382 पाई गई जो 24 घंटे पूर्व 352 के सापेक्ष 30 अंक अधिक रही । आज दिन में 286 अंक रही और आशा है रात को यह पुनः 380 या उससे अधिक हो सकती है ।

डा. भरत राज सिह जो वरिष्ठ पर्यावरणविद व महा-निदेशक, स्कूल आफ मैंनेजमेंट साइंस, लखनऊ उनका मानना है कि चूकि हवा की गति बहुत धीमी है, अतः राजधानी दिल्ली, ग्रेटर नोएडा, नोएडा और गाजियाबाद के प्रदूषण का दबाव उत्तर-प्रदेश के लखनऊ आदि क्षेत्रो में 36 घंटे बाद प्रभावी होता है । यह स्थिति आने वाले 4-5 दिनो तक बने रहने की सम्भावना से नकारा नही जा सकता है ।